Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जोधपुर आयुक्तालय के पुलिस थाना खाण्डा फलसा के दो कानिस्टेबल 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *01 जुलाई, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. पाली–द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **जैमल राम कानिस्टेबल एवं नरेन्द्र कुमार कानिस्टेबल पुलिस थाना खाण्डा फलसा, जोधपुर आयुक्तालय** को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की पाली–द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि मुकदमें में मदद करने की एवज में जाँच अधिकारी देउ उपनिरीक्षक के नाम पर आरोपीगण जैमल राम कानिस्टेबल एवं नरेन्द्र कुमार कानिस्टेबल पुलिस थाना खाण्डा फलसा, जोधपुर आयुक्तालय द्वारा **25 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. पाली–द्वितीय इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री खींवसिंह** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण जैमल राम कानिस्टेबल एवं नरेन्द्र कुमार कानिस्टेबल पुलिस थाना खाण्डा फलसा, जोधपुर आयुक्तालय को परिवादी से **25 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। मामले में जाँच अधिकारी देउ उपनिरीक्षक, पुलिस थाना खाण्डा फलसा की भूमिका की जाँच की जा रही है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की *टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064 *एवं **Whatsapp** हैल्पलाईन नं.* 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**